भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग
पुराना मिंटो रोड़, जाकिर हुसैन कॉलेज के पास
नई दिल्ली – 110002

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा
TRAI

मिसिल संख्या 1–06/2021–प्रशासन एवं कार्मिक दिनांकः 17 जून, 2021

प्रेषितिः–

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय
(संलग्न सूची के अनुसार : ईमेल द्वारा)

विषयः भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर संयुक्त सलाहकार के पदों को भरने के सबंध में।

महोदय,

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. प्राधिकरण प्रारंभ में तीन वर्षों के लिए भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर संयुक्त सलाहकार के पदों को भरने का प्रस्ताव आमंत्रित करता है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिए गए हैंः–

पद का नाम	पे लेवल/वेतनमान	पात्रता की शर्तें	अनिवार्य योग्यता
संयुक्त सलाहकार	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार, पे मैट्रिक्स में पे लेवल –13, 123100–215900 रु. जमा सरकारी नियमों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे डीए, एचआरए आदि। *(संशोधन पूर्व पीबी–4, 37400–67000+8700 रु.ग्रेड पे)*	केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारीः 1) जो नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत हैं या 2)उक्त ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारी या 3) समूह क में बारह वर्ष की नियमित सेवा वाले समूह 'क' अधिकारी, जिसमें से कम से कम पांच वर्ष की नियमित सेवा जेएजी में होनी चाहिए।	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से व्यवसाय प्रशासन / अर्थशास्त्र / वाणिज्य / इंजीनियरिंग / विधि / विज्ञान / मानविकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान/भारतीय लागत एवं निर्माण लेखाकार संस्थान (आईसीडब्ल्यूएआई) की सदस्यता।

क्रमशः......पृ/2

3. यह नियुक्ति अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा. संख्या 6/8/2009–स्थापना (पे II) और इसमें समय–समय पर किए गए संशोधन के अधीन होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अंतिम तिथि पर अधिकतम आयु किसी भी मामले में 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं, की पिछली पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रोफॉर्मा *(इसे भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है)* में आवेदन अग्रेषित करने का अनुरोध किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड़), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली – 110002 को 23 जुलाई, 2021 तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. यदि, उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

(विनय कुमार गोयल)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र0 एवं का0)
दूरभाषः 011–23664–213

प्रतिलिपिः–

1. विकाधि, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
4. सभी प्रधान सलाहकार/सलाहकार (मुख्यालय) एवं (क्षेत्रीय कार्यालय), भादूविप्रा
5. जेए (आईटी) – इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
6. निदेशक (सीएस प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक नायक भवन, नई दिल्ली – *इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ*
7. नोटिस बोर्ड